# एनएसयूआईआई का अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन, पुलिस से की धक्का-मुक्की



**सतना।** शहर और ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और खराब मेंटेनेंस को लेकर बुधवार को एनएसयूआई ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुराना पॉवर हाउस स्थित बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ता परिसर में घुसने की कोशिश करने लगे,तो पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ बिजली कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने लगी। जैसे ही वे भीतर जाने लगे,मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया,जिस पर दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की हुई। हालांकि,हालात पर जल्द काबू पा लिया गया।

### सूचना के बिना हो रही कटौती, मेंटेनेंस में लापरवाही

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सतना और आसपास के इलाकों में बिजली की हालत बदतर हो गई है। बिना किसी सूचना के घंटों बिजली काटी जाती है। मेंटेनेंस के अभाव में बार-बार फाल्ट हो रहे हैं, जिससे लोगों को गर्मी में रातें जागकर बितानी पड़ रही हैं।

### एसडीएम ने दिया समाधान का आश्वासन

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम राहुल सिलाडिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से चर्चा की और



ज्ञापन प्राप्त किया। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि बिजली समस्या को लेकर विभागीय स्तर पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। एनएसयूआई प्रदेश सचिव विजय यादव ने कहा कि यदि जल्द बिजली संकट का हल नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरा सियार, चार घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**मैहर।** कुएं में सियार गिर गया जिसकी आवाज सुन आसपास के लोगों ने कुएं में देखा जिसके बाद मुकुंदपुर वन विभाग को सूचना दी गई मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी की अनुसार मैहर जिले के वन परिक्षेत्र मुकुंदपुर के अंतर्गत ग्राम रामगढ़ डोमा में श्रीधर त्रिपाठी के खेत में बने पुराने खुले कुएं में सोमवार की रात को सियार गिर गया। जिसकी आवाज सुन आस पास के लोगों ने कुएं में देखा जहां सीयार गिरा हुआ था जिसकी सूचना वन विभाग अधिकारियों को दी गई मौके पर पहुंचे मुकुंदपुर जू सेंटर के रेस्क्यू प्रभारी कलीम खान अपने सहयोगी साथियों अभिषेक विश्वकर्मा,पप्पू कोल,सीताराम पाल और प्रकाश मिश्रा के साथ घटनास्थल पहुंचे जहां करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सियार को जाल में कैद कर बाहर निकाला गया जिसके बाद सियार का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मुकुंदपुर के जंगल में छोड़ दिया गया।

### संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक आज

**सतना।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्ष दात्री समिति की बैठक 19 जून को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिले के समस्त विभाग प्रमुखों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### युवा संगम मेला का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आज मैहर में

**सतना।** जिला प्रशासन,जिला रोजगार कार्यालय सतना एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 19 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सरलानगर रोड कृषि उपज मण्डी के पास मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला एवं पुरूष आवेदक जो निर्धारित योग्यता पूरी करते है वह अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। इसमें कंपनी चैतन्य फाइनेंस,संजीव मोटर्स,आमधने प्राइवेट लिमिटेड,धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, प्राकृतिशील एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, एमआरएफ, इनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन,देवा इंटर प्राइजेज,मदरशन सूमि, गोकलदास एक्सपोर्टस लिमिटेड, एसआईएस सिक्योरिटी सिंगरौली,एसजी सेवा संस्थान, लावा मोबाइल तथा रवीवा वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड में आदि पदों पर भर्ती की जावेगी। जिसमें 8 वीं,10वीं,12वीं,आईटीआई,डिप्लोमा,ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार युवा रोजगार मेला में सम्मिलित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# जेल में बंद महिला गर्भवती, सोनोग्राफी करने से डॉक्टर ने कर दिया इंकार

**सतना।** शासकीय मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजिडेंट डॉ.पेह इन चाउ ने केंद्रीय जेल से आई एक विचाराधीन महिला बंदी की सोनोग्राफी करने से इनकार कर दिया। अस्पताल प्रबंधन के बार-बार आग्रह के बावजूद डॉक्टर ने सोनोग्राफी नहीं की,जिसके कारण महिला को वापस जेल भेजना पड़ा। अब सीएमएचओ ने मामले में कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार,महिला बंदी वर्षा साकेत को उसके पति मनोज सिंह के साथ धारकुंडी पुलिस ने सोमवार को खम्हरिया से चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। जेल में महिला ने बताया कि वह चार माह की गर्भवती है,जिसके बाद जेल प्रशासन ने उसे मंगलवार को सोनोग्राफी के लिए जिला अस्पताल भेजा।जिला अस्पताल में तैनात डॉ.चाउ ने सोनोग्राफी के लिए रजिस्ट्रेशन न होने का हवाला देते हुए जांच करने से मना कर दिया। आरएमओ के अनुरोध के बावजूद डॉक्टर ने सोनोग्राफी नहीं की गई। बता दें कि मेटरनिटी विंग में 15 दिन



मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और शेष 15दिन जिला अस्पताल के डॉक्टर ड्यूटी करते हैं। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को जिला अस्पताल,जबकि मंगलवार,गुरुवार और शनिवार को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की ड्यूटी रहती है। सीएमएचओ डॉ. एल.के. तिवारी ने बताया सिविल सर्जन से इस मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# 43 सचिवों का तबादला

**मैहर।** नवगठित जिले में 43 सचिवों का स्थानांतरण जिला स्तर में किया गया। जिसमें मैहर जनपद सहित अमरपाटन एवं रामनगर जनपद भी शामिल किए गए है। इस स्थानांतरण का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया जा सके। जिनमें कई सचिवों की इच्छानुसार स्थानांतरित किया गया है। पुष्पेन्द्र सिंह ग्रा.पं. देवरा जनपद रामनगर पदमेश पाण्डेय ग्रा.पं. चौपडा जनपद मैहर रामसखा सिंह ग्रा.पं.करैया देवरी जनपद मैहर छोटेलाल साकेत ग्रा.पं. बेल्दरा जनपद मैहर महेश साहू ग्रा.पं.पोडी जनपद मैहर दीपक पाण्डेय ग्रामपंचायत गोबरी जनपद मैहर देवकरण पाठक ग्रा पं मौदहा जनपद मैहर रामगोपाल सोनी ग्रा पं कांसा जनपद मैहर शिवकुमार कुशवाहा ग्रा पं भटूरा जनपद मैहर पुष्पेंद्र गौतम ग्रा पं खेरवासानी जनपद मैहर झल्लूलाल साकेत ग्रा पं सारंग जनपद मैहर वीरेश सिंह ग्रा पं खारा जनपद रामनगर विजय शंकर पांडे ग्रा पं हिनौता जनपद रामनगर सितेंद्र पांडे ग्रा पं खुटहा जनपद अमरपाटन निधि द्विवेदी ग्रा पं देवदहा जनपद रामनगर राजेंद्र सोनी ग्रा पं मनकीसर जनपद रामनगर वीरेंद्र पांडे ग्रा पं मंटोलवा जनपद मैहर श्रीमती सविता शर्मा ग्रा पं त्यौधरा न 2 जनपद अमरपाटन शिवभान सिंह ग्रा पं देऊ जनपद अमरपाटन महिपाल कोल ग्रा पं सिलपरी जनपद अमरपाटन रामलाल सिंह ग्रा पं उमरी शिवराजी जनपद अमरपाटन हुकुमलाल पटेल ग्रा पं मौहरी कटरा जनपद अमरपाटन कृपाल चौधरी ग्रा पं सलैया जनपद मैहर सुभाष चंद्र सोनी ग्रा पं घुनवारा जनपद मैहर सत्यनारायण पांडे ग्रा पं परसवाही जनपद अमरपाटन शिवदास साकेत ग्रां पं डिढौरा जनपद अमरपाटन करुणा शंकर शुक्ला ग्रा पं मढ़ा जनपद अमरपाटन सुबोध शुक्ला ग्रा पं झिरिया कोपरिहान जनपद अमरपाटन रामयश शर्मा ग्रा पं गिधौला जनपद रामनगर ओमप्रकाश पटेल ग्रा पं जोवा जनपद रामनगर प्रवीण द्विवेदी ग्रां पं पतेहरा संतोष पांडे ग्रा पं रिवारा जनपद मैहर बेडीलाल केवट ग्रा पं गोरइया जनपद मैहर सूरज प्रसाद ग्रा पं हिनौता गजगौना जनपद मैहर खुशीलाल गर्ग ग्रा पं बरहिया जनपद मैहर इन्द्रंद्र कुशवाहा ग्रा पं अमिलिया कला जनपद मैहर रामबेटा कुशवाहा ग्रा पं भदनपुर उत्तरपट्टी जनपद मैहर दिनेश पटेल ग्राम पंचायत कुटाई जनपद मैहर संहिता पटेल ग्राम पंचायत आनंदगढ़ जनपद अमरपाटन राकेश चतुर्वेदी ग्राम पंचायत गोरियाकला जनपद मैहर अमर सिंह ग्राम पंचायत ज़ोवा जनपद मैहर युवराज सिंह ग्राम पंचायत तिंदुहटा जनपद मैहर सुरेश दहिया ग्राम पंचायत इटमा जनपद मैहर स्थानांतरण किया गया है।

# जन सेवा के भाव से कार्य करते हुए लोगों के दुख दूर करने का प्रयास करें: राज्यमंत्री

### शवों को सुरक्षित रखने हेतु 6 डीप फ्रीजर का वितरण



**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धवारी में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 6 अस्पतालों को शवों को सुरक्षित रखने के लिए डीप फ्रीजर प्रदान किये। इनमें जिला चिकित्सालय सतना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी,नागौद,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर,रैगांव तथा स्वास्थ्य केन्द्र शिवराजपुर शामिल हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी, सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला,डॉ.नलिनी शुक्ला,डॉ.ए द्विवेदी,जीएनएम की प्राचार्य आरती मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष ओम सिंह,आकांक्षा सिंह सहित आफिस स्टॉफ तथा नर्सिंग की छात्रायें उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि जिले का स्वास्थ्य अमला जन सेवा के भाव से कार्य करते हुए लोगों के दुख दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में कुछ संस्थाओं द्वारा ही डीप फ्रीजर उपलब्ध कराये जा रहे थे। लेकिन जरूरत अधिक होने के कारण आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पाती थी। यह डीप फ्रीजर आमजन और अस्पताल दोनों के उपयोग में आयेगा। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इनकी देखरेख और समुचित रूप से संचालन की निगरानी की जायेगी। सबकी सहमति से निर्णय लेकर आर्थिक रूप से सक्षम लोगों के लिए शुल्क का भी निर्धारण किया जा सकता है। जिससे डीप फ्रीजर के मेंटीनेंस और मरम्मत का कार्य कराया जा सकेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि अभी तक 30 ग्राम पंचायतों को फायर फाइटर के साथ टैंकर उपलब्ध कराये गये हैं। इन टैकरों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के साथ-साथ आगजनी की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सकेगा।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** नाबालिग लड़की को बहलाफुसलाकर घर से बाहर ले जाकर अवैध संबंध बनाने वाले आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई है। फरियादिया महिला निवासी ग्राम भदनपुर ने बदेरा थाना पहुंच कर मामला दर्ज करवाया की उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाके के संदेही मोहित साकेत 24 वर्ष निवासी भदनपुर अपने साथ भगा ले गया है।

महिला के बताए अनुसार थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार ने मामला दर्ज कर थाना मे संदेही के विरूद्ध अपराध क्रमांक 31/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर मामले की जांच शुरू की गई इस दौरान नाबालिक को ढूंढ निकला गया आरोपी मोहित साकेत के विरुद्ध धारा 64(1),64(2)(M) बी0एन0एस0 व 5/6 पॉस्को एक्ट को बढ़ाया गया लगातार



आरोपी की तलाश की जा रही थी उसके नाथ रिश्तेदारों के यहां छापेमारी की जा रही थी इस दौरान मंगलवार को आरोपी के मैहर के रामनगर थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में होने की सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# खम्हरिया गांव में नए सब स्टेशन का हुआ भूमिपूजन



**सतना।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा एसटीएन योजना के तहत बुधवार को रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के खम्हरिया गांव में 2 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से बनने वाले 33/11 के वी विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य और विधायक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि,अधीक्षण यंत्री पीके मिश्रा सहित बिजली विभाग के अधिकारी तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण प्रारंभ, 30 जून तक हो सकेगी प्रवेश की रिपोर्टिंग

**सतना।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आनलाइन लाटरी की द्वितीय चरण की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 20 जून 2025 तक आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को की जायेगी। जिसमें प्रथम चरण से रिक्त सीटों में आवेदकों को स्कूल आवंटित की जायेगी। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा प्रवेश की रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में ऐसे आवेदक पात्र होंगे। जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया है किन्तु कोई स्कूल आवंटित नहीं हुई है। इसके साथ ही ऐसे आवेदक जिनको प्रथम चरण में आवंटन प्राप्त हुआ है किन्तु स्कूल पसंद नहीं होने के कारण प्रवेश नहीं लिया है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया में नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और न ही पुनः सत्यापन की प्रक्रिया की जायेगी।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिये नकदी रहित उपचार स्कीम

### परिवहन सचिव ने समस्त कमिश्नर और कलेक्टर को जारी किये दिशा-निर्देश

**सतना।** परिवहन सचिव ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए नकदी रहित उपचार योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश दिये हैं। निर्देश में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को नकदी रहित उपचार स्कीम के संबंध में उनके अधीनस्थ अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाये। इसके साथ ही प्रकरणों की नियमित मॉनीटरिंग की जाये। संभाग के सभी कमिश्नर को इस व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग किये जाने के लिये भी कहा गया है। सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर निर्देश दिये जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी सम्पूर्ण देश में इसकी नियमित मॉनीटरिंग कर रही है। यह कमेटी विभिन्न राज्यों से रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न योजनाओं और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी गाइड-लाइंस की समीक्षा कर सर्वोच्च न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करती है। प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव द्वारा लगातार बैठक कर इसकी समीक्षा की जा रही है। केन्द्र सरकार ने स्कीम की अधिसूचना 5 मई 2025 और मार्गदर्शक सिद्धांत अधिसूचना 4 जून,2025 को जारी की है। इसके लिये यूजर मैनेजमेंट पोर्टल भी तैयार किया गया है। सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कवरेज था,उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कंपनियों के सहयोग से किया जायेगा। जिन प्रकरणों में यह बीमा नहीं है,वहाँ भुगतान स्टेट हेल्थ एजेंसी (एसएचए) अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### वैष्णव माता विधि महाविद्यालय का बी.कॉम. तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

**पन्ना।** महाराजा छत्रशाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर द्वारा गत 17 जून को बी.कॉम. तृतीय वर्ष का मार्च 2025 में आयोजित हुई परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें वैष्णव माता विधि महाविद्यालय की बी.कॉम. की छात्रा आंशी यादव ने 900 पूर्णांक में से 591 प्राप्त करते हुए 65.6 प्रतिशत व छात्र शुभम वर्मा ने 900 में से 619 प्राप्त करते हुए 68.70 प्रतिशत हांसिल किए हैं। दोनों छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय संचालक अंकुर त्रिवेदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी प्रकार मेहनत से निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही। वहीं प्राचार्य अविनाश पाण्डेय भी छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। छात्राओं के बेहतर परीक्षा परिणाम पर सहायक प्राध्यापक राजकुमार सेन, पंकज पाण्डेय, बृजकिशोर त्रिपाठी, भरत सिंगरौल, नरेन्द्र अहिरवार, अरविन्द शुक्ला, रानी यादव, श्रीमती नितिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू, ऋचा तिवारी, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, अतुल पाण्डेय, नेहा सेन, सविता, रोशनी, रेखा, गीता ने बधाई प्रेषित की है।

### विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी तेंदूखेड़ा, पथरिया हटा एवं सीएसपी दमोह द्वारा थानों का औचक निरीक्षण किया गया । पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को थानों का निरीक्षण करने हेतु आदेशित किये जाने पर निर्देशों के परिपालन में दिनॉक 15 जून 2025 को रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे के बीच जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एएसपी संदीप मिश्रा, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक 01,02 द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया,

## दर्जन भर गाड़ियों में पहुंचे हथियारबंद

# गोलियां चलाकर फैलाई दहशत

### जमीनी विवाद का मामला, पन्ना कोतवाली अंतर्गत रानीगंज की घटना, सतना और छतरपुर के बताए गए हैं लोग

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

**थाना कोतवाली पन्ना अंतर्गत मोहल्ला रानीगंज में दिन दहाड़े गोलियां चलने से दहशत का माहौल बताया जा रहा है।**





घटना के संबंध में फरियादी हरिराम यादव ने बताया कि वह 17 जून 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे अपने खेत में मजदूरों रविन्द्र गोंड़ और राकेश अहिरवार के साथ बाड़ लगा रहे थे, तभी लगभग दर्जन भर कारों में आधा सैकड़ा के अधिक लोग पहुंचे जिनमें प्रदीप उपाध्याय निवासी सतना और अवधेश ज्योतिषि निवासी सतना के साथ कुछ सतना और कुछ छतरपुर के लोग थे, यह लोग पहुंचते ही मजदूरों के साथ गाली गलौज करने लगे, गाली देने से मना करने पर मारपीट करने लगे, मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर मेरे भी साथ धक्का मुक्की की, मेरी बेटी प्रेम यादव खाना देने आई थी मारपीट देख कर उसने घर पर फोन किया, जैसे ही घर से मेरे दोनो पुत्र नाती और परिवार के अन्य लोग पहुंचे तभी कुछ लोग अपनी गाड़ियों से बंदूक निकाल लाए, प्रदीप उपाध्याय ने मेरे नाती शरद यादव की तरफ 315 बोर की बंदूक से गोली चला दी उसकी बुआ के द्वारा धक्का देकर गिराने से शरद बच गया, तभी प्रदीप ने एक गोली और चलाई। इसी दौरान अवधेश ज्योतिषि ने भी गोली चला दी, झगड़ा एवं गोलियों की आवाज सुनकर काफी संख्या में मोहल्ले के लोग दौड़ पड़े तभी, जिससे यह लोग अपनी-अपनी गाड़ियों में बैठ कर भाग निकले।

#### काफी देर बाद पहुंचे 1 पुरुष व 1 महिला पुलिसकर्मी-

चौकाने वाली बात यह बताई गई है कि सूचना के काफी देर बाद पन्ना कोतवाली से केवल एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी पहुंचे, मामले की शिकायत लेकर पीड़ति परिवार पन्ना कोतवाली पहुंचा लेकिन वहां कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना पहुंचे जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान के द्वारा पन्ना कोतवाली भेज कर एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही गई है।

#### जमीनी विवाद का मामला-

यह मामला जमीनी विवाद का बताया गया है हरिराम यादव का अपने परिवार के लोगों से जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा था मामला न्यायालय में लंबित है लेकिन सतना और छतरपुर के कुछ प्रॉपर्टी डीलरों के द्वारा औने पौने दामों में जमीन खरीद ली गई और न्यायालय का फैसला आने से पहले ही जमीन में कब्जा जमाने का प्रयास करने लगे घटना दिनांक को भी यह लोग हथियारों के दम पर जमीन पर कब्जा करने पहुंचे थे, जहां इस प्रकार की घटना हुई।

#### पन्ना में भूमाफियाओं का तांडव-

पन्ना में कुछ समय से भूमाफियाओं का तांडव देखने को मिल रहा है ऐसे माफिया विवादित जमीनों पर नजर रखते हैं और उन्हें मामूली दामों पर खरीद कर प्रशासनिक और राजनीतिक रसूल का उपयोग करते हुए बलपूर्वक कब्जा जमा कर मनमाने दामों में प्लाटिंग करते हैं। जिससे इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है। इन भूमपियाओं को प्रशासनिक और राजनीतिक सहयोग भी भरपूर मिल जाता है किसी भी नेता को पार्टनर करके यह मनमानी की छूट हासिल कर लेते हैं।

#### चुटकियों में होते हैं भूमाफियाओं के काम

भले ही पुश्तैनी जमीनों के बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण के लिए लोगों को एसडीएम, तहसीलदार, आरआई और पटवारी जैसे अधिकारी कर्मचारियों के सालों चक्कर काटने पड़ें लेकिन इस प्रकार के भूमाफियाओं की रजिस्ट्री से लेकर सीमांकन नामांतरण सब चुटकियों में हो जाते हैं।

#### पीड़ित पक्ष ने बताया परिवार को खतरा

फरिसादी हरिराम यादव ने बताया है कि वह अपने परिवार के साथ शहर के बाहरी क्षेत्र में सिंह सागर तालाब के किनारे खेत में घर बना कर रहते हैं। आरोपीगण धनबल एवं बाहुबल से सफल हैं, यह कभी भी हमला कर मेरे परिवार की जान माल को नुकसान पहुंचा सकते हैं इसलिए अति शीघ्र कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना चौहान ने मामले में विवेचना एफआईआर एवं कार्यवाही की बात कही है।

## जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय मे मंगलवार को कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत के सभापति संतोष यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे भी उपस्थित रहीं। बैठक में जिले की एनएफएसएम योजना के तहत वर्ष 2025-26 में खरीफ-रबी कार्यक्रम अंतर्गत बीज मिनी किट, कलस्टर प्रदर्शन धान, उड़द, मोटा अनाज आदि के लक्ष्यों का विकासखण्डवार समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा अनुमोदन उपरांत पात्र हितग्राहियों को बीज एवं मिनी किट वितरण का निर्णय लिया गया। पन्ना एवं पवई विकासखण्ड द्वारा बैठक में वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक के बीज वितरण की सूची भी प्रस्तुत की गई। सभापति द्वारा आगामी बैठक में शेष विकासखण्डों की सूची भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। उप संचालक कृषि द्वारा समिति सदस्यों को धरती आबा अभियान में मिनी किट के वितरण संबंधी जानकारी दी गई। उप संचालक ने सदस्यों को जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य अनुसार प्रगति की जानकारी दी। साथ ही सभापति एवं सदस्यों के प्रश्नों का समाधान भी किया। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## तेज रफ्तार डंफर असंतुलित होकर पलटा, चालक घायल

### अमानगंज कटनी सड़क मार्ग खेर माता मंदिर के पास घटी घटना



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्ग अमानगंज कटनी सड़क मार्ग पर बीती रात एक तेज रफ्तार डम्फर जो मुरम लेकर किसी अज्ञात स्थान से जेके सीमेंट कंपनी की ओर जा रहा था। वह खेर माता मंदिर के पास असंतुलित होकर पलट गया इस घटना में डंपर चालक संग्राम सिंह पिता फतेह सिंह उम्र तकरीबन 50 वर्ष निवास जेके सीमेंट कंपनी मे सेवारत है जो रात मुरम लेकर कैंप की ओर जा रहा था और किसी तेज रफ्तार वाहन को क्रॉसिंग दी तो उसका वाहन का एक चक्का सड़क के नीचे उतरा फिर दोबारा संतुलन में ना आकर सीधे खेत की ओर वाहन को ले जाकर पलटा दिया। घटना में चालक के सिर पर गंभीर चोट बताई। डंपर का नंबर एमपी 21 एचए 1847 बताया गया। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज प्राथमिक इलाज हेतु दाखिल कराया गया। जहां से इलाज के बाद उसे जिला चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी गई और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस की ओर भेजी गई।

## अमानगंज पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

अमानगंज।

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा चलाये जा रहे अवैध जुआ खेलने वाले , अवैध शराब विक्रय करने वाले, अवैध मादक पदार्थ गांजा का विक्रय करने वाले के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु चला जा रहे अभियान के तहत, पुलिस अधीक्षक पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना, ए स डी ओ पी महोदय गुनौर के के निर्देशन/ मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में दिनांक-18.06.2025 को विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर चौडा तिगैला जूडी तपे रोड महेबा में पुलिस बल द्वारा संदेही इमरत चौधरी पिता बोरा चौधरी निवासी महेबा को घेरा बंदी कर पकडकर हिरासत में विधिवत कार्यवाही करते हुये तलाशी ली गई जो संदेही के पास से अवैध 01 किलो 680 ग्राम सूखा गांजा लिये मिला जिसे मौके पर आरोपी इमरत चौधरी पिता बौरा चौधरी उम्र 48 साल निवासी महेबा से जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया वक्त वापसी पर अपराध क्र. 376/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपी उपरोक्त को माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है।



#### जप्त मशरूका:- 01 किलों 680 ग्राम कीमती 32000 रूपये।

**गिरफ्तार आरोपी:-** इमरत चौधरी पिता बौरा चौधरी उम्र 48 साल निवासी महेबा थाना अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.)।

**सराहनीय योगदान:-** निरी. माधवी अग्निहोत्री, उनि ईश्वर सिंह, सउनि शिवराम नायक, प्रआर. सलीम, राजीव, लक्ष्मण, राजीव बेडिया, शिवम शर्मा, आर. मुकेश सुल्या, सतीश, विश्वास, लखन, तुलसी, द्वारका, अरविन्द, मेहरवान, रागिनी।

## ककरहटी क्षेत्र में आसपास के गावों में जगह-जगह खुलेआम शराब की पैकारी

### आबकारी, पुलिस विभाग की अनदेखी और शराब कारोबारियों की मनमानी

पन्ना ।



पन्ना जिले के ककरहटी क्षेत्र में व आस पास के गांवों में जगह-जगह शराब की पैकारी खुली हुई है। शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। अवैध ठिकानों से खुलेआम शराब बेची जा रही है। आबकारी विभाग और पुलिस की अनदेखी से ककरहटी ,शराब दुकान के आसपास के गांवों तक शराब का अनाधिकृत कारोबार फल-फूल रहा है। जिम्मेदारों की ढिलाई से लाइसेंसी ठेकेदार मनमानी पर उतारू हैं। साठगांठ से चल रहे खेल में पैकारियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बता दें कि सुबह से लेकर देर रात 12 से 1 बजे तक ना केवल शराब दुकानें संचालित हो रहीं हैं, बल्कि पैकारी में बैठे लोग शराब पीते आसानी से नजर आते हैं। आए दिन निर्धारित समय से अधिक समय तक शासकीय शराब दुकानें खुलने और दुकानों से बाइक द्वारा पैकारियों के लिए शराब ले जाने की चर्चाएं मीडिया पर आमजन के माध्यम से होती रही हैं। लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग शासकीय ठेकेदारों पर जानने के आधार पर कोई कार्यवाही नहीं की। सूत्रों का दावा है कि शराब ठेकेदार आबकारी विभाग और पुलिस को प्रतिमाह लाखों में सुविधा शुल्क दे रही है। यही वजह है कि शराब कारोबारियों के सभी अवैध कारोबार पर जिम्मेदार मिट्टी डालने का काम कर रहे हैं। व क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार में ठेकेदार ही शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार शराब ठेकेदार लाइसेंस की आड़ में क्षेत्र में पैकारियों को संचालित कर रहे हैं। पैकारियों तक शराब की अवैध आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की अगर बात करें तो ककरहटा में कुछ किराना दुकानों से भी शराब की अवैध बिक्री का खेल चल रहा है। ज्यादा मुनाफा कमाने की लालच में ठेकेदारों ने ही कई जगह पैकारियां खुलवाई हैं।

#### गांवों में खुलेआम चल रही पैकारी-

ककरहटी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ककरहटा , मोहनपुरा, गुणयाना रानी पुरा से लेकर आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में देशी-विदेशी शराब की पैकारी खुलेआम संचालित है। इसके संबंध में कई बार संबंधित चौकी के पुलिस एवं जिला आबकारी महकमें के यहां शिकायत भी होती है, लेकिन अवैध रूप से संचालित करने वालों के विरुद्ध खाकी वर्दी कार्रवाई करने से परहेज करता आ रहा है। आबकारी महकमा यह कहकर अपना सीना चौड़ा कर लेता है कि हम सरकार के राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। जिले में करोड़ों रुपए की शराब बेचकर सरकार को राजस्व दे रहे। संभावित इसीलिए प्रशासनिक अधिकारियों का डर भी आबकारी अधिकारी को नहीं रहता। फिलहाल पन्ना जिले के ककरहटी में अवैध रूप से शराब के पैकारी संचालित करने वाले कर्ताधताओं के विरूद्ध कार्रवाई नही किये जाने को लेकर आबकारी एवं पुलिस पर तरह-तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

## स्मार्ट बिजली मीटर नहीं लगवाने पर होगी कार्यवाही

पवई।

संभाग में पदस्थ कार्यापालन अभियंता श्री एस के गेडाम द्वारा पवई टाउन में स्मार्ट बिजली मीटर लगवाने हेतु अनुरोध किया गया है और उन्होंने कहा की स्मार्ट बिजली मीटर नहीं लगवाने पर विभिन्न प्रकार की कार्यवाही हो सकती है, जो कि राज्य और बिजली वितरण कंपनी के नियमों पर निर्भर करती है। हालांकि, कुछ सामान्य कार्यवाही निम्नलिखित हो सकती हैं। बिजली कनेक्शन काटा जानारू कई राज्यों में, खासकर जहां स्मार्ट मीटर को अनिवार्य किया गया है, बिजली विभाग उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट सकता है जो स्मार्ट मीटर लगाने से इनकार करते हैं। इसे सरकारी काम में बाधा डालने के रूप में भी देखा जा सकता है। बढ़ी हुई टैरिफ या उच्च बिलरू कुछ बिजली प्रदाता उन उपभोक्ताओं के लिए अधिभार दरें (नतबींतहम तंजमे) लागू कर सकते हैं जो पारंपरिक मीटर का उपयोग करते रहते हैं, जहां बिलिंग में अक्षमताएं और ऊर्जा की बर्बादी अधिक होती है। अनुमानित बिलिंग (म्ेजपउंजमक ठपससपदह) स्मार्ट मीटर के बिना, आपके बिल का अनुमानित खपत के आधार पर हिसाब किया जा सकता है, न कि वास्तविक उपयोग के आधार पर। इससे गलत बिलिंग हो सकती है, अक्सर खपत का अधिक अनुमान लगाया जाता है और बिल बढ़ा हुआ आता है। जुर्माना और दंड (च्मदंसजपमे दक थ्पदमे) सरकार की श्रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (त्वै)श जैसे आक्रामक रोलआउट लक्ष्यों को देखते हुए, कुछ क्षेत्रों में 2025 तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाने वाले घरों पर वित्तीय दंड लगाया जा सकता है। इसमें एक बार का जुर्माना या मासिक बिलों पर आवर्ती शुल्क शामिल हो सकता है। सरकारी काम में बाधा डालने पर कानूनी कार्रवाईरू यदि कोई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करता है और बिजली विभाग के कर्मचारियों को काम करने से रोकता है, तो इसे सरकारी काम में बाधा डालने के रूप में देखा जा सकता है और इस पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। स्मार्ट होम एकीकरण तक सीमित पहुंच स्मार्ट मीटर के बिना, आप रिमोट उपकरण नियंत्रण, स्वचालित ऊर्जा बचत और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ एकीकरण जैसी स्मार्ट होम सुविधाओं से वंचित रह सकते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि स्मार्ट मीटर आमतौर पर निःशुल्क लगाए जाते हैं और इसके कई फायदे भी हैं, जैसे वास्तविक समय में ऊर्जा खपत की निगरानी, सटीक बिलिंग, बिजली कटौती के अलर्ट और बेहतर ऊर्जा प्रबंधन। यदि आपको स्मार्ट मीटर लगाने में कोई समस्या आ रही है या आपको लगता है कि गलत तरीके से आपसे पैसे मांगे जा रहे हैं, तो आप तुरंत बिजली विभाग के टोल-फ्री नंबर (जैसे 1912) पर शिकायत कर सकते हैं। अतः पवई टाउन के समस्त उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगवाए और विधुत विभाग एव शासन का कृपया सहयोग प्रदान करें।



## मोदी जी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर गुनौर विधायक ने किया वृक्षारोपण

**देवेन्द्रनगर।** जिले के देवेंद्रनगर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भिलसांय मैं मोदी जी के 11 वर्ष पूरे होने पर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिल सा य मैं चौपाल का कार्यक्रम किया गया गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा कार्यक्रम में पहुंचे और सबसे पहले भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो श्यामाचरण मुखर्जी की प्रतिमा पर तिलक माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम की अगली बेला में बारी-बारी से मंच पर बैठे लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया स्वागत के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील त्रिपाठी के द्वारा मोदी ग 11 वर्षों की उपलब्धि और योजना का उन्होंने मंच से बखान किया उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने शिक्षा स्वास्थ्य कृषि विज्ञान के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है इन 11 सालों में देश और प्रदेशों की तस्वीर बदल कर रख दी कार्यक्रम में उपस्थित गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने मंच से मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां और योजनाओं के बारे में बताया कि कोरोना काल में जब कांग्रेस घर पर बैठी थी तो भाजपा का हर एक कार्यकर्ता मदद के लिए आगे आया और सभी की जमीनी स्तर पर पहुंचकर घर-घर जाकर मदद की आज 370 धारा तीन तलाक और राम मंदिर जैसे मुद्दों को भाजपा सरकार ने हल किया डॉ राजेश वर्मा ने कहा कि मुझे याद है जब हम पन्ना से सपना जाते थे तो 3 घंटे लगते थे और अब पन्ना से सतना पहुंचने में एक से सवा घंटा लगता है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आज हर गांव में सड़के बन गई है और हम शिक्षा की बात करें तो शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास हुआ है आज देवेंद्र नगर में संभाग का संस्कृत महाविद्यालय खुलने जा रहा है पहले लोगों को अपनी दवा और इलाज करवाने के लिए अपनी एक एकड़ जमीन गिरवी रखनी पड़ती थी तब कहीं जाकर इलाज होता था और आज आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज हो सकता है आज हर गरीब का सपना पूरा हो रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के मकान बनाए गए ताकि बरसात के दिनों में उन्हें पॉलिथीन लगाकर ना रहना पड़े केन बेतवा प्रोजेक्ट बरगी नहर यह सारी उपलब्धि भाजपा सरकार की है एक समय था जब नोटबंदी हुई तो एन जी ओ जो थे उनके लिए पाकिस्तान से बजट आता था और आतंकवादी जब चलते थे तो अपने साथ में नोट और ड्राई फ्रूट लेकर चलते थे नोटबंदी जैसा ऐतिहासिक फैसला भी मोदी सरकार मैं हुआ था उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में इतनी योजनाएं च ला रही है कि अगर मैं बताने बैठूं तो सुबह से शाम हो जाएगी आज हमारा देश विकास की ओर जा रहा है और प्रगति कर रहा है यह मोदी सरकार में ही मुमकिन हो पाया है अब कांग्रेस जो पहले एक विशाल वट वृक्ष थी अब एक गमले में सिमट कर रह गई है पैदा हुए बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक के लिए योजनाएं चलाई जा रही है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अभी ऐलान किया है कि रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों को 1250 रुपए तो दिए ही जाएंगे साथ में ढाई सौ रुपए और बड़ा कर दिए जाएंगे तो इस तरह से लाडली बहन योजना का प्रदेश की हर बहन फायदा उठा रही है मोदी जी ने 11 सालों में इतना विकास कर दिया जो 50 वर्षों में अभी तक नहीं हुआ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि भाजपा हमारा परिवार है और सबका साथ सबका विकास ही हमारा और हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य है चाहे महिला सशक्तिकरण की बात करें या फिर बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजनाएं अब गांव की बहू बेटियां गांव की बाहर नहीं जाएगी घर में ही शौचालय की व्यवस्था राम मंदिर और धारा 370 जैसे ऐतिहासिक फैसले और मुद्दे मोदी सरकार मैं हुए कार्यक्रम के दौरान सभी को शपथ दिलाई गई सभी ने शपथ ली और कार्यक्रम के अंत में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्री सुशील त्रिपाठी देवेंद्र नगर मंडल अध्यक्ष श्री अरविंद सिंह बुद्ध सिंह गौर श्री रामेश्वर गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजेश गौतम श्री ललित गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष रामखेलावन सहायक श्री जुगल किशोर सिंह पूर्व प्राचार्य मनोज पांडेय महामंत्री धीरेंद्र बागड़ी महामंत्री इंद्र बहादुर सिंह शतानंद प्यासी हीरा जी पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा जगदेव शर्मा ज्योति प्रकाश पाठक रामलाल तोमर सुदामा कुशवाहा अनुराग पाठक नरेंद्र शर्मा मंडल उपाध्यक्ष उमेश पाठक निखिल सिसोदिया शिवा पांडे श्रीमती गुड्डी कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष सतना अंकित शुक्ला अशोक कुशवाहा सरपंच श्रीमती रोशनी मुंडा सरपंच भिल सा य बबलू चौधरी पंकज पांडे कमल सिंह बुंदेला और ग्राम पंचायत के लोग उपस्थित रहे।



# हथियारबंद बदमाशों ने आठ लाख रुपये की लूट को दिया अंजाम

बमीठा। थाना क्षेत्र अंतर्गत गंज मोहल्ले में बीती रात एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार दरवारी साहू के घर में करीब रात्रि 3 बजे आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर आठ लाख रुपये से अधिक की नकदी व जेवरात लूट लिए।

परिवार की बहू ज्योति साहू ने बताया कि रात्रि में राई पिराई के बहाने दरवाजा खुलवाया गया, जैसे ही दरवाजा खोला गया, तीन बदमाश घर में घुस आए। दो बदमाशों ने कट्टा निकालकर दरवारी साहू और उनके पुत्र राकेश साहू पर तान दिए। इसके बाद दो अन्य बदमाश कार से उतरकर घर में दाखिल हो गए और गोदरेज की चाबी की मांग की। बदमाशों ने गोदरेज खोलकर उसमें रखे सोने-चाँदी के जेवर करीब छह से सात लाख रुपये मूल्य के और डेढ़ लाख रुपये नकद लूट लिए। इसके साथ ही बहू ज्योति के शरीर से पायल, अंगूठी, मंगलसूत्र जैसे सभी गहने उतरवा लिए। बदमाशों ने घर की अलमारी, बक्से व अन्य सामान को भी खंगाला। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश सफेद रंग की कार से छतरपुर की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर बमीठा टीआई अशुतोष श्रोतीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

**इनका कहना-**

गंज निवासी दरबारी लाल साहू के यहां अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की गई है जिसमें 80 हजार रूपए नगद एवं सोने चांदी का सामान चोरी गया है। मौके पर डॉग स्क्वॉयड की टीम एवं साईबर टीम जांच कर रही है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द इस चोरी का खुलासा हो।

**आशुतोष श्रोत्रिय, थाना प्रभारी बमीठा**



## खबर संक्षेप

### जिला सैनिक बोर्ड की वार्षिक बैठक के लिए सुझाव मांगे

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के समस्त पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया जाता है कि जिला सैनिक बोर्ड की वार्षिक बैठक का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है। कमाण्डर रामविशाल यादव (से. नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी छतरपुर द्वारा अपील की गई है कि कोई सुझाव, बिन्दु या विषय हो तो 24 जून 2025 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### पुलिस ने लखनगुंवा में हुई चोरी का किया खुलासा



**छतरपुर।** थाना पिपट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनगुंवा का फरियादी सोनू अहिरवार जो परिवार सहित पंजाब में मजदूरी पर गए थे, घर वापस आने पर घर से सोने चांदी के आभूषण चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना पिपट में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम ने घटना स्थल पर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्र में भ्रमण करने वाले संदिग्ध के संबंध में जानकारी जुटाई। एकत्रित जानकारी के अनुसार संदेहियों से पूछताछ की गई, चोरी करना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा चोरी में सम्मिलित दो विधि विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तों के पास से चोरी किए गए सोने चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण कीमत 1 लाख रुपए से अधिक बरामद किए गए। घटना में सम्मिलित तीसरे विधि विरुद्ध किशोर की तलाश की जा रही है। अभियुक्तों को बाल सुधार गृह दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपट उपनिरीक्षक राहुल तिवारी, सहायक उप निरीक्षक सीताराम, आरक्षक मयंक शुक्ला, दामोदर साहू, राजेश शर्मा, हरि ओम, उमाशंकर की भूमिका रही।

### अब पुनः आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन करा सकते हैं

**छतरपुर।** जिला छतरपुर में स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025 के लिए प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसमें पंजीयन त्रुटि सुधार तिथि को बढ़ाते हुए 16 जून 2025 तक किया गया था। इसके बाद पुनः 18 जून 2025 से पंजीयन कार्य शुरू किया गया है। ताकि प्रवेश प्रक्रिया से वंचित आवेदकों को लाभ मिल सके। 24 जून से संस्थाओं में प्रवेश कार्य प्रारंभ होगा। प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. संस्थान छतरपुर में बताया कि संस्थान छतरपुर में स्टेनो हिंदी की 48 सीटें, फितर की 20, विद्युतकार 20, डीजल मैकेनिक की 24, कारपेंटर की 24, कोपा की 48, मोटर मैकेनिक की 24, वेल्डर की 40 एवं चंदला में डीजल मैकेनिक की 20, कोपा की 24, फिटर की 20, विद्युतकार की 20, वेल्डर की 20, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन की 20 और बक्सवाहा में विद्युतकार की 20, बिजावर में कोपा की 20 और बड़ामलहरा में डीजल मैकेनिक की 48, कोपा की 48, फिटर की 20, वेल्डर की 40, मोटर मैकेनिक की 24 और विद्युतकार की 20 सीटें रिक्त हैं। उक्त संस्थानों में शासन द्वारा 35 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुरक्षित है। शासकीय आईटीआई संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई। यहां आकर एवं मोबाइल नंबर 9424403801, 9131174028, 9179224579, 9981590542 पर भी संपर्क कर छात्र-छात्राएं मदद ले सकतीं है। प्रशिक्षण उपरांत शासकीय प्रतिष्ठानों एवं प्राइवेट संस्थानों में रोजगार एवं अप्रेंटिशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

## शराब की दुकान पर गुंडों का हमला, तोड़फोड़ से मचा हड़कंप



**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भूसौर गांव में देर रात गुंडों ने एक शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए जमकर तोडफ़ोड़ की। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ अज्ञात लोगों ने रात के समय शराब दुकान पर धावा बोलते हुए वहां मौजूद सामान को तहस-नहस कर दिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों में डर और दहशत का माहौल देखा गया।घटना की जानकारी मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय का कहना है कि घटना को अंजाम देने वालों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छतरपुर में एमएसएमई के लिए गुणवत्ता, विपणन एवं वित्तीय समावेशन पर केंद्रित वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित

**छतरपुर।** 16 एवं 17 जून 2025 को निजी होटल छतरपुर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन की नोडल एजेंसी मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलएनयू) द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला में पहले दिन स्थानीय लकडिय़ों से निर्मित फर्नीचर के गुणवत्ता एवं नवाचार से विभिन्न विषयविषेशज्ञों द्वारा चर्चा कि गई।

यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प (रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंष) योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसे विश्व बैंक का आंषिक वित्तीय सहयोग प्राप्त है।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पंजीकरण से हुई, उसके बाद दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईसी छतरपुर के अधिकारियों और फर्नीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित एमएसएमई सदस्यों को रैम्प योजना के बारे में शिवानी लोधी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र से डॉ. गुंजन जैन द्वारा भू आवंटन एवं नवीन एमएसएमई पॉलिसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसके बाद मकसूद अली खान ने फर्नीचर के बारे में अपने अनुभव साझा किए और अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय बाजार की जानकारी दी। उन्होंने फर्नीचर निर्माण क्षेत्र में सस्ती उत्पादन तकनीकों, नई डिजाइनों की पहचान और प्रशिक्षण, तथा पॉलिशिंग की आधुनिक विधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने विशेष रूप से कौशल विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने फर्नीचर निर्माण के दौरान उत्पन्न उप-उत्पादों (बाई प्रोडक्ट) और कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) पर भी प्रकाश डाला, जिससे पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने निर्यात संभावनाओं पर भी चर्चा की और स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुँचाने के लिए आवश्यक गुणवत्ता मानकों और मार्केटिंग उपायों की जानकारी दी।

इस अवसर पर स्थानीय उद्यमियों, शिल्पकारों और प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।

ऐंकर वेंडर बैठक में, एंकर इकाई जयपुर क्राफ्ट्स, एस. एस. ट्रेडर्स, अर्वन इंडिया फर्नीचर, रुधम मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हुई। इन्हांने कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय एमएसएमई को गुणवत्ता एवं मार्केट में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया तथा उन्हें अपना व्यापार बढ़ाने में जा रही समस्याओं को सुलझाने के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। साथ ही एमएसएमई को अपना उद्यम विस्तार में मदद की।

कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय एमएसएमई द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमे विश्वकर्मा फर्नीचर, खजुराहो टिम्बर, वनराज फर्नीचर, हिन्द फर्नीचर एवं डी. के. फर्नीचर द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस में राजीव दलेला द्वारा, जैड (जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट) योजना के अंतर्गत जैड प्रमाणन की प्रक्रिया, विभिन्न स्तरों (ब्रॉन्ज, सिल्वर, गोल्ड) के मानदंड एवं इससे जुड़ी एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लाभों पर व्याख्यान दिया गया। इसके अतिरिक्त, निर्यात और वित्तीय सशक्तिकरण पर भी प्रस्तुति दी गई, जिसमें ईपीसी पंजीकरण, गुणवत्ता प्रमाणन, पैकेजिंग, विपणन सहायता, कृषि अवसंरचना निधि तथा फिनटेक समाधानों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खजुराहो में आयोजित होगा वृहद योगा कार्यक्रम




### जिपं सीईओ ने बैठक कर अधिकारियों को तैयारियों के दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**छतरपुर।** बुधवार को जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने कलेक्ट्रेट व्हीसी कक्ष में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खजुराहो में पश्चिमी मंदिर समूह आयोजित होने वाले वृहद योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल, डीईओ एवं डीपीसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं व्हीसी से सीईओ, सीएमओ एवं अन्य अधिकारी जुड़े रहे।जिला पंचायत सीईओ श्रीमती परिहार ने डीईओ एवं डीपीसी को कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित करने और छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष अधिकारी को निर्देश दिए कि योग प्रशिक्षकों द्वारा योगा कार्यक्रम के पूर्व प्रशिक्षण कराएं और कॉमन योगा प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास कराएं।जिला पंचायत सीईओ ने डीपीओ महिला बाल विकास को कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण कानून व्यवस्था के लिए राजनगर तहसीलदार एवं पुलिस को सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही सीएमएचओ को चिकित्सा दल मय एम्बुलेंस के उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति के लिए ईई एमपीईबी को निर्देश दिए और कार्यक्रम में पेयजल व्यवस्था के लिए ईई पीएचई को निर्देशित किया। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत ने कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए पीआरओ को निर्देशित किया एवं उप संचालक सामाजिक न्याय को दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग समावेश का आयोजन करने और सभी कार्यालयों, सीईओ एवं सीएमओ को समस्त शासकीय निजी संस्थाओं में योग दिवस का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया।

## छतरपुर में कांग्रेस का 'संगठन सृजन अभियान जिला अध्यक्ष पद के लिए 29 दावेदारों का हुआ साक्षात्कार



**छतरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिशा-निर्देशों के तहत छतरपुर जिले में 'संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को वन-टू-वन बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक छतरपुर सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई, जिसमें एआईसीसी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रुद्रप्रताप सिंह एवं अमित दुबे उपस्थित रहे। इस बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4 महिलाएं और 25 पुरुष दावेदार शामिल थे। सभी आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद सभी दावेदारों के साक्षात्कार लिए गए। साक्षात्कार प्रक्रिया के पश्चात 6 योग्य उम्मीदवारों का एक पैनल तैयार किया गया, जिसे अंतिम निर्णय के लिए दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय भेजा जाएगा। वहीं से जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी।

## बागेश्वर महाराज की उपस्थिति में फिजी में रचा गया इतिहास



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों अपनी तीन देशों की यात्रा पर हैं। वे ऑस्ट्रेलिया के बाद फिजी पहुंचे, जहां उन्होंने तीन दिनों की हनुमंत कथा के दौरान यहां रहने वाले हजारों फिजी इंडियंस के साथ मुलाकात की और फिजी देश के कई अलग-अलग शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान फिजी के नाडी शहर में तीन दिवसीय हनुमंत कथा हुई और इसके बाद उन्होंने फिजी के विश्व प्रसिद्ध नाग मंदिर पहुंचकर इस प्राचीन मंदिर के दर्शन किए। मान्यता है कि यह महाभारत काल का नाग मंदिर है। फिजी के लंबासा में स्थित यही नाग मंदिर भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत काल में किए गए कालिया मर्दन से जुड़ा है।

दरअसल, महाभारत काल में भगवान कृष्ण ने यमुना में रहने वाले विषैले नाग कालिया का मर्दन किया था, उसके अहंकार को तोड़ा था, और उसके बाद कालिया नाग की पत्नियों के आग्रह पर उन्हें यमुना से दूर इसी रमणीक द्वीप पर स्थान दिया था। ऐसा माना जाता है कि कालिया नाग इसी रमणीक द्वीप पर रहते हैं और उन्हीं की स्मृति में यहां एक प्राचीन नाग मंदिर है।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने नाडी और लंबासा के बाद फिजी की राजधानी सुबा में भी एक दिवसीय प्रवचन माला का आयोजन किया। उनकी उपस्थिति में सुबा के एक बड़े जिमनेशियम हॉल में आयोजित हुई इस एक दिवसीय कथा के दौरान सुबह में रहने वाले हजारों लोग उन्हें सुनने पहुंचे। यहां एक और इतिहास रचा गया। एक तरफ जहां सूबा में रहने वाले हजारों भारतीय फिजी उन्हें सुनने पहुंचे, तो वहीं दूसरी तरफ मंच के ठीक सामने फिजी की सभी राजनीतिक पार्टियों के बड़े-बड़े राजनीतिक दिग्गज भी मौजूद रहे। यहां फिजी के दो उप-प्रधानमंत्री जिनमें विमान चंद्र प्रसाद और उप प्रधानमंत्री मानोआ कमिकमिदा उपस्थित रहे, तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री महेंद्र पाल चौधरी और सांसद प्रवीण बाला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फिजी में भारतीय राजदूत सुनील मैदा भी उपस्थित रहे। इन राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति में और हजारों सेवा भावी भक्तों की मौजूदगी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने एक दिवसीय प्रवचन माला के माध्यम से हनुमान जी के चरित्र को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हनुमान जी का चरित्र संपूर्ण विश्व को आनंद देने वाला चरित्र है और लोगों को संकटों से मुक्ति दिलाने वाला चरित्र है। कार्यक्रम के दौरान पहली बार फिजी के इतिहास में इतना बड़ा आयोजन हुआ, जिसमें सभी राजनीतिक दलों के बड़े दिग्गज राजनेता उपस्थित रहे। इस मौके पर फिजी के उप-प्रधानमंत्री मकाऊ कमीदा ने मंच पर आकर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का स्वागत किया और उनकी इस यात्रा से फिजी को होने वाले लाभ के बारे में भी बात की। इस मौके पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने भी मंच से कहा कि फिजी और भारत दोनों ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि फिजी अगर चाहे, तो भारत की संस्कृति और भारत के लोगों के माध्यम से अपने देश के विकास में एक अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान फिजी सरकार की ओर से भी उनका अभिनंदन किया गया।

### ग्रामीण रंग-पर्यटन संग

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छतरपुर कलेक्टर को किया सम्मानित

**जिले में ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मिला परस्कार**



**छतरपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में बुधवार को म.प्र. पर्यटन बोर्ड द्वारा भोपाल में आयोजित ग्रामीण रंग-पर्यटन संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए किए गए उत्कर्ष कार्य, समर्पित समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए दिया गया है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ होम स्टे संचालकों एवं ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सरपंचों, परियोजना सहयोगी संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया है। जिसमें जिले की बुंदेली संस्कृति एवं साहसिक क्लब सोसायटी एवं दर्शना कल्याण समिति को गौरवपूर्वक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। इन दोनों संस्थाओं द्वारा ग्रामीण पर्यटन परियोजना की सफल योजना और कार्यान्वयन में ग्रामवास विकसित करने, ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और टिकाऊ पर्यटन प्रथाओं को बढ़ाने के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने आवंटित गांवों को जीवंत ग्रामीण पर्यटन स्थलों में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### स्वागतम लक्ष्मी बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा ।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत स्वागतम लक्ष्मी बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय बिछिया में किया गया। कार्यक्रम में नवजात बालिकाओं एवं उनकी माताओं का सम्मान किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि नवजात बालिकाओं की माताओं का स्वागत हल्दी और कुमकुम लगाकर और माला पहनाकर किया गया एवं बच्चियों को उपहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग निर्धारण निषेध) की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा, सदस्य प्रवीण मिश्रा, विभा द्विवेदी, आरती शर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव, बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी से श्लेषा शुक्ला अस्पताल की नर्सेज तथा अमर सिंह उपस्थित रहे।

### 14 दिन पूर्व घर से लापता हुए नाबालिग को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**रीवा।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस 14 दिन पूर्व घर से लापता हुए नाबालिग लड़के को खोजकर सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। बता दे परिजनों ने बालक की गुमशुदगी की शिकायत 2 जून को सिटी कोतवाली थाना में दर्ज करवाई थी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि फरियादी द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि उनका 17 वर्षीय बालक घर से बिना बताये कही चली गया है, आशंका जाहिर की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाफुसलाकर उसे भगा ले गया है। सूचना पर थाना में धारा 137(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबध्द किया गया और नबालिग की तलाश के लिए टीम गठित की गई जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को खोज निकाला और न्यायालय के समक्ष कथन कराये गये, जिसमे उसने अपने साथ किसी प्रकार की कोई घटना घटित होना नही बताया। जिसके बाद पुलिस ने उसे सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया है ।

### वार्ड में चला सघन फॉगिंग अभियान

**कटनी।** शहर में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही तमाम आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है। आदेश के परिपालन में दो पालियों के माध्यम से शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग (दवा का छिड़काव) किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में विगत दिवस निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद की जानकारी एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में संत कवरराम वार्ड क्रमांक 42 के विभिन्न स्थलों मानसरोवर कालोनी, की विभिन्न गलियों सहित वार्ड के अन्य स्थलों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ का छिड़काव का कार्य किया गया।

कृषि उत्पादन आयुक्त रीवा एवं शहडोल संभाग में कृषि कार्यों की समीक्षा

# हर जिले में एक हजार हेक्टेयर में कृषि और उद्यानिकी फसलों का क्लस्टर बनाएं - वर्णवाल





**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने रीवा एवं शहडोल संभाग में कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 46 प्रतिशत योगदान कृषि और उससे जुड़े विभागों का है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता है। किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ अधिक लाभ देने वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित करें। किसान को जिस दिन फसल से अधिक लाभ मिलेगा तो वह स्वयं नई फसल को अपना लेगा। गेंहू और धान की फसल की तुलना में दलहन और तिलहन में लाभ अधिक है। दोनों संभागों में अरहर के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष प्रयास करें। इसमें लागत कम और लाभ अधिक है। किसानों को तकनीकी ज्ञान के साथ अरहर की पूसा-16 किस्म की खेती के लिए प्रेरित करें। इसकी फसल 4 महीने में प्राप्त हो जाती है। किसान इसके बाद गेंहू की फसल ले सकता है। श्री वर्णवाल ने कहा कि हर जिले में कृषि और उद्यानिकी की विशिष्ट फसलों के लिए एक हजार हेक्टेयर का सेक्टर बनाएं। किसी फसल का जब बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा तो उसे खरीदने और प्रोसेस करने वाले आसानी से मिल जाएंगे। फल, सब्जी, मसाला तथा फूल की खेती को इसमें प्राथमिकता दें। कई शिक्षित युवा आधुनिक तरीके से खेती कर रहे हैं। इन्हें रोल माडल बनाकर प्रमोट करें। खेती के साथ-साथ उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन जैसे व्यवसाय अपनाकर ही खेती को लाभदायक बनाया जा सकता है। प्रत्येक विकासखण्ड में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला शुरू कराएं। इनमें निर्धारित लक्ष्य के अनुसार मिट्टी के नमूने देकर उनकी जाँच कराएं तथा किसानों को मृदा हेल्थ कार्ड प्रदान करें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि दोनों संभागों में किसानों ने डीएपी के स्थान पर एसएसपी और एनपीके खाद को तेजी से अपनाया है। जिसके कारण डीएपी का संकट होने की आशंका नहीं है। खाद का वितरण पीओएस मशीन माध्यम से ही कराएं। इन्हें कंपनियों के सहयोग से अपडेट करा लें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराएं। इसमें किसान सम्मान निधि के साथ-साथ एग्रीस्टेक में भी ई केवाईसी कराएं, जिससे किसान के साथ-साथ उसकी जमीन और फसल का डाटा अपडेट हो जाए। गिरदावरी में उद्यानिकी फसलों का भी क्षेत्र अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने नरवाई जलाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संभाग के सभी जिलों में बायो एनर्जी प्लांट लगाए जा रहे हैं। इन्हें चलाने के लिए फसल अवशेषों की आवश्यकता होगी। कंपनियां किसानों से निर्धारित राशि देकर पराली तथा अन्य फसल अवशेष खरीदेंगी। बेलर मशीन, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर के उपयोग से भी नरवाई प्रबंधन करें। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फल, सब्जी और मसालों की खेती हो रही है वहाँ खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित कराएं। मछली पालन बहुत अधिक लाभकारी है। अगले दो सालों में मछली का उत्पादन दुगना करने के लिए केज कल्चर, बायोफ्लास जैसी व्यावसायिक मछली पालन तकनीकों का उपयोग बढ़ाएं। केवल बाणसागर बांध में ही केज कल्चर के उपयोग से हजारों टन मछली का उत्पादन किया जा सकता है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए श्री वर्णवाल ने कहा कि जिले में गौ अभ्यारण्य और बड़ी गौशालाओं का निर्माण कराएं। जिनके संचालन से निराश्रित गौवंश को आश्रय मिलने के साथ आर्थिक लाभ भी हो। इन गौशालाओं में खाद बनाने तथा गोबर से बायोगैस प्लांट संचालित करने का प्रयास करें। सेक्स सार्टेड सीमेन का निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार उपयोग सुनिश्चित करें। इससे गर्भाधान पर गाय से केवल मादा शिशु का जन्म होता है। दुधारू पशुपालन से जुड़ी योजनाओं में निर्धारित मिल्क रूट के हितग्राहियों को प्राथमिकता दें।

### मैदानी कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया

बैठक में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि संभाग में खेती को तेजी से विकसित करने के लिए दिए गए निर्देशों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। कृषि और उससे जुड़े विभाग के मैदानी कर्मचारियों को समन्वय से कार्य करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने तथा नवाचार के लिए लगातार प्रयास करेंगे। बैठक में रीवा संभाग तथा शहडोल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स ने कृषि विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में सभी समितियों के खाते सहकारी बैंक में खोलने, बायो फोर्टिफाइड बीज के उपयोग, संरक्षित खेती, मुनगा तथा सुंदरजा आम के क्षेत्र विस्तार, स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना तथा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी अनुपम राजन, प्रमुख सचिव मछलीपालन निधि निवेदिता, प्रबंध संचालक मार्फेड आलोक सिंह, आयुक्त उद्यानिकी श्रीमती प्रीति मैथिल, आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, आयुक्त सहकारिता मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक मण्डीबोर्ड कुमार पुरूषोत्तम, संबंधित जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संबंधित विभागों के संभागीय एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद कृषि उत्पादन आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों ने कृषि और उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## विवाह घर संचालक अब नहीं कर सकेंगे कचरा शुल्क की गड़बड़ी

**महापौर ने समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, समय पर शुल्क वसूली और निगरानी के आदेश**

**रीवा।** नगर निगम में महापौर अजय मिश्र ने स्वच्छता एवं सीवरेज कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विवाह घर संचालक आमतौर पर कार्यक्रम आयोजित करने वालों से कचरा शुल्क तो वसूल कर लेते हैं, लेकिन नगर निगम में उसे जमा नहीं करते। इस प्रकार की अनियमितताओं पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और संचालकों से राशि जमा कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा विवाह पंजीयन के समय कचरा शुल्क की शिकायतें लगातार मिल रही है। अतः यह जिम्मेदारी संचालक की होगी कि यह स्वयं शुल्क निगम में जमा करें। इसकी निगरानी स्वच्छता निरीक्षक करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि शुल्क समय पर जमा हो। महापौर ने पहाडिया स्थित कचरा प्लांट का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की जर्जर स्थिति को देखते हुए, अनुबंध के अनुसार नए वाहनों की व्यवस्था स्था शीघ्र करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। नालियों की सफाई को मिशन मोड में कराने की बात कहते हुए महापौर ने कहा कि कोई भी क्षेत्र उपेक्षित न रहे। होटल, रेस्टॉरंट, मैरिज गार्डन जैसे बल्क वेस्ट जनरेटर संस्थानों की नियमित जांच कर उनसे कचरा शुल्क की वसूली की जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, स्वास्थ्य, अधिकारी बालगोविद चतुर्वेदी, मुरारी कुमार तथा स्वच्छता और सीवरेज कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### वर्षा ऋतु में सीवरेज कार्यों को लेकर रहें सतर्क

महापौर ने शहर में चल रहे सीवरेज कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। सीवर खुदाई के दौरान नालियों में गिरने वाले मलबे और कबरे को मैन्युअल लेबर द्वारा तत्काल हटाने की व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त कार्य में संलग्न कंपनी को आदेशित किया कि नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक अलग टीम तैनात की जाए, जो विशेषकर वर्षा ऋतु में तत्परता से कार्य करें।

## लीवर की जाँच के लिए कार्यालयों में लगेंगे शिविर

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ लीवर मिशन के तहत नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की जाँच के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में 30 जून तक शिविर लगाकर संदिग्ध रोगियों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, सीबीसी तथा लीवर की जाँच की जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच के लिए 20 से 30 जून तक विभिन्न कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि स्वस्थ लीवर मिशन 21 मई से चलाया जा रहा है। इसके तहत मुख्य रूप से फैटी लीवर की जाँच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में की जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों को फैटीलीवर जाँच की सुविधा देने के लिए 20 जून को कलेक्ट्रेट तथा नगर निगम के जोन कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 23 जून को आईजी कार्यालय, एसपी कार्यालय, एसएएफ बटालियन, आयुर्वेद महाविद्यालय तथा केन्द्रीय जेल में शिविर लगेंगे। जिला चिकित्सालय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में 24 जून को तथा शिल्पी प्लाजा भवन में संचालित विभागीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की जाँच के लिए 25 से 27 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 25 से 27 जून तक शिक्षा विभाग के तहत सभी सांदीपनि स्कूल एवं संकुल स्कूलों में तथा ग्रामीण आजीविका मिशन स्वसहायता समूहों के सदस्यों के लिए शिविर लगेगा। सभी शासकीय तथा निजी महाविद्यालयों, अन्य विभागीय कार्यालयों एवं आईटीआई रीवा में 28 से 30 जून तक शिविर लगेंगे। जिला आयुष कार्यालय में 24 जून को शिविर लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी शिविरों में स्वास्थ्य जाँच की समुचित व्यवस्था करें।

## थाना प्रभारी पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कराने का आरोप

**एसपी से हुई शिकायत, हुए लाइन हाजिर**

**रीवा।** जिले के जवा थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह धाकड़ के खिलाफ पीड़ित ने आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय में आवेदन दिया कि उनके द्वारा अवैधानिक ढंग से उसके स्वत आधिपत्य की आराजी नं 752/1 स्थित ग्राम भखरवार पर शिवगणेश वगै० को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से पुलिस बल के माध्यम से कब्जा करा दिया। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित इंद्रमणि तिवारी ने बताया है कि उसकी स्वत्व अधिपत्य की अराजी नं0 752/1 का सीमांकन राजस्व न्यायालय से कराया गया तथा राजस्व न्यायालय द्वारा सीमांकन पश्चात पत्थर गड़ाया गया - जिसके बाद 2 जून को सीमाकन का पुष्टीकरण आदेश तहसीलदार तहसील जवा द्वारा किया गया था। उनके जमीन के उत्तर दिशा की ओर शिवमणेश और नीरज तिवारी की आराजी न 753/1/2 स्थित है जिनके द्वारा प्राथी के सीमांकित आराजी पर गडाये गये पत्थरों को उखाड़कर फेक दिया गया जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा थाना प्रभारी जवा से की गई इसके बाद लेकिन काईवाई नहीं हुई जिसके बाद उसने इसके विरुद्ध राजस्व न्यायालय में प्रकरण संस्थित किया जो विचाराधीन है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा गजेन्द्र सिंह धाकड़ थाना प्रभारी जवा को राजस्व संबंधी कई बार रिकार्ड दिखाए गए पर कार्रवाई की बजाए उसको झूठे प्रकरण में फसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली विभाग के कर्मचारियों को चोर समझकर की मारपीट, भड़का आक्रोश

**आरोपियों पर हो रासुका के तहत कार्रवाई**

**रीवा।** मध्य प्रदेश विद्युत तकनीकी कर्मचारी संघ ने पिछले दिनों बिजली विभाग के कर्मचारियों के ऊपर ग्रामीणों द्वारा की गई मारपीट पर आक्रोश जताते हुए आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वैदेही शरण चतुर्वेदी, संघ के संस्थापक सदस्य डॉ. एल.के. मिश्रा, जोनल अध्यक्ष अजय मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष रामायण प्रसाद मिश्रा, संभागीय सचिव अनिल सिंह, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष मऊगंज आजाद खान, शुरेश विनोद तिवारी, बी.के.भारती, संजय चौहान, के. पी. श्रीवास्तव, आदि कर्मचारी नेताओं ने कहा कि ग्राम पतहि देउर कोठार में असमाजिक तत्वों द्वारा कार्यरत कर्मचारियों पर प्राण घातक हमला कर लहूलुहान कर दिया गया। सभी ने घटना की निंदा करते हुए विभागीय स्तर पर संघ ने अराजक तत्वों द्वारा की गई प्राण घातक मार-पीट के संबंध में अधिकारियों से शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु कहा। साथ ही जिला प्रशासन से मांग की गई कि इन अराजक तत्वों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर प्रशासकीय कार्यवाही की जाये। आगे कहा गया कि उक्त घटना से रीवा संभाग एवं अन्य जिलो के कर्मचारी भयभीत हो रहे है इन परिस्थितियों में कर्मचारी कार्य करने में असमर्थ महशूस कर रहे है साथ ही संविदा आउटसोर्स एवं दैनिक कर्मचारी के रूप में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा छोट-छोटे संगठन बना कर अपनी शक्ति को क्षीण कर रहे है। आवाहन किया गया कि तकनीकी कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी एकत्रित हो कर संगठन को मजबूत करे। ताकि निर्णायक कार्यवाही हो सके जिससे इस प्रकार की घटनाएँ न हो और समस्याओं का निदान तकनीकी संघ अनवरत करता रहे। संगठन की क्षेत्रीय शाखाओं त्योंथर, मऊगंज, मनगवों, गंगेव, सिरमौर में उक्त घटना से काफी अकोश है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कार्य बंद धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिससे शांति व्यवस्था भी बाधित हो सकती है, जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

## तीन दिन बाद सिलपरा नहर से बरामद हुआ किशोरी का शव

नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गई थी किशोरी, घर में पसरा मातमरीवा। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा नहर के साइफन से मंगलवार सुबह एक किशोरी का शव बरामद किया गया। करीब तीन दिन पहले नहर में नहाते समय डूबी यह किशोरी अब साइकिल समेत मृत अवस्था में मिली है। शव की बरामदगी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, मृत किशोरी की पहचान लक्ष्मी सिंह गौड़ (14) के रूप में हुई है, जो रामपुर नैकिन के पिपराही गांव की रहने वाली थी। परिजनों ने बताया कि 14 जून को लक्ष्मी घर से साइकिल पर निकली थी और पास की नहर में अन्य बच्चों के साथ नहाने चली गई थी। तभी वह अचानक गहरे पानी में चली गई और तेज बहाव के चलते लापता हो गई, परिजन जब काफी देर तक लक्ष्मी को खोजते रहे और कोई पता नहीं चला, तब उन्होंने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया पुलिस ने एनडीआरएफ टीम की मदद मांगी। लगातार दो दिन की तलाशी के बाद तीसरे दिन मंगलवार सुबह किशोरी का शव सिलपरा नहर के साइफन में फंसा मिला।प्लाटून कमांडेंट विकास पांडे और उनकी टीम ने सुबह करीब 6 बजे शव को बाहर निकाला। शव के साथ साइकिल भी बरामद हुई है, शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। वही बिछिया थाना प्रभारी मनीष उपाध्याय ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की पूरी पुष्टि हो सकेगी।

### नहर के किनारे सुरक्षा इंतजाम नहीं

स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सिलपरा नहर जैसे गहरे और तेज बहाव वाले स्थानों पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। न तो चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही कोई बैरिकेडिंग की गई है। यह पहली बार नहीं है जब यहां कोई हादसा हुआ हो।

## नाबार्ड द्वारा मैंगो फेस्टिवल का आयोजन आज

रीवा । भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चरल एण्ड रूरल डेवलपमेंट नाबार्ड द्वारा 19 जून को मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे शासकीय कृषि महाविद्यालय रीवा में आरंभ होगा। इस संबंध में नाबार्ड के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके जेना ने बताया कि मैंगो फेस्टिवल में प्रगतिशील किसानों और एफपीओ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम में जिला स्तरीय जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## विश्वविद्यालय की व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर एनएसयूआई करेगी घेराव

**विश्वविद्यालय की व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर एनएसयूआई करेगी घेराव**

**रीवा।** विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं और छात्र हितों की अनदेखी को लेकर एनएसयूआई ने मोर्चा खोल दिया है। जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन को घेरने और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उपाध्याय ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि छात्रों को लगातार शैक्षणिक, प्रशासनिक और परीक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। उपाध्याय ने बताया कि हाल ही में एमईडी, बीएड, बीपीएड, एमपीएड और एमकॉम जैसे कई कोर्स की मान्यता रद्द कर दी गई, जिसे वापस लेने की मांग की गई है। साथ ही, परीक्षा परिणामों में लगातार धांधली के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कई छात्रों का परीक्षा फॉर्म भरे बिना ही परीक्षा कराई गई, और बाद में छात्रों को ही दोषी ठहराया गया। वाहक बेसबॉल टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजने के नाम पर छात्रों को दिल्ली तक जनरल टिकट में भेजा गया, लेकिन बिना किसी स्पष्टीकरण के वापस बुला लिया गया। इस मामले में कुलपति और कुलसचिव की चुप्पी पर सवाल उठाया गया। उन्होंने पहाड़िया महाविद्यालय में एलएलबी पांचवें सेमेस्टर के पेपर लीक मामले का ज़िक्र करते हुए कहा कि पेपर रद्द तो हुआ लेकिन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिलने, पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित न होने और स्थायी हेल्प डेस्क की अनुपलब्धता जैसे मुद्दे भी उठाए गए। एनएसयूआई ने मांग की कि विश्वविद्यालय में सभी विभागों की स्थायी बिल्डिंग बनाई जाए और 80% से अधिक अतिथि शिक्षकों को स्थायी किया जाए। इसके अलावा, शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं न लेने, पाठ्यक्रम समय पर पूरा न कराने, और छात्रों को गुमराह करने की घटनाओं की जांच की मांग भी की गई।उपाध्याय ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में कॉपियों की गुमशुदगी आम बात हो गई है और इसमें दलाल सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय को शिक्षा का मंदिर ही रहने दिया जाए, और किसी राजनीतिक या वैचारिक संगठन की गतिविधियों को यहां बढ़ावा न दिया जाए।प्रेस वार्ता में जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, सत्यम शुक्ला, विश्वविद्यालय अध्यक्ष देवेश शुक्ला, संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी, महासचिव शिवांशु शुक्ला, छात्र नेता अंकित गहरवार, आयुष तिवारी, अनुराग द्विवेदी, देवांस परिहार, सक्षम सिंह गहरवार सहित कई छात्र नेता उपस्थित रहे।